

# जहां संत रविदास के चरण पड़े, वो जगह होगी विकसित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमें जातिवाद जैसी चुनौतियों से भरे वातावरण में स्वयं के मन में पवित्र भाव जागृत करने और समरसता लाने की आवश्यकता है. देश में समय बदला है अब प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में बने एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि और पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदास महाराज के नाम पर रखा गया है.**

यह मप्र का सौभाग्य है कि सागर में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास महाराज का भव्य मंदिर और स्मारक बनकर तैयार हो रहा है. बहुत जल्द प्रधानमंत्री मोदी को इस धाम के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया जाएगा. संत रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष में उज्जैन में उनकी वस्तुओं और शिष्य के समाधि स्थल को संरक्षित करते हुए भव्य गुरुद्वारा निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया जाएगा. प्रदेश में जहां रविदास जी के चरण पड़े, उन तीर्थ स्थलों को विकसित किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवींद्र भवन में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का रविन्द्र भवन में शुभारंभ कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत रविदास महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी जन्मस्थली काशी से आए कलशों का पूजन किया और संभागीय प्रतिनिधियों को कलशों का वितरण किया.

### 1500 के अलावा राखी मनाने मिलेंगे 250 रुपए

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 19 अगस्त को मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक पात्र बहनों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से कुल 2,148 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मैहर जिले में 256 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे. मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किस्त के रूप में 1,500 प्रति हितग्राही कुल 1,835 .46 करोड़ रूपये से अधिक और रक्षाबंधन के विशेष अवसर पर 250 प्रति हितग्राही कुल 312 .83 करोड़ रूपये से अधिक की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है. इस तरह प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में कुल 1,750 रूपये की संयुक्त राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी.

### ग्रीनफील्ड हाईवे निर्माण में मिले चांदी के सिक्के

**मुरैना.** जिले के माता बसइया थाना क्षेत्र में ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण कार्य के दौरान पुराने चांदी के सिक्के मिलने की सूचना से ग्रामीणों में हलचल मच गई. सिक्के मिलने की खबर के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर कथित खजाने की तलाश में खुदाई करने लगे. प्रशासन ने पुलिस को मामले की जांच कर सिक्के बरामद करने के निर्देश दिए हैं. जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरपुर लोधा के समीप ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है. इसी दौरान सोमवार को खुदाई में पुराने सिक्के मिलने की सूचना सामने आई. इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई और उन्होंने आसपास खुदाई शुरू कर दी.

# एमपी में अगले 3 दिन बरसेंगे बादल

### 14 जिलों में बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 18 अगस्त. मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश की गतिविधियां तेज होने के साथ मौसम विभाग ने रीवा और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.**

अगले 24 घंटे में इन जिलों में 4 से 8 इंच तक बारिश होने की संभावना जताई गई है. वहीं टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, कटनी, शहडोल, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश का अलर्ट है. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रह सकता है. भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सतना, मऊगंज, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना, दमोह और निवाड़ी समेत कई जिलों में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है.

अब तक प्रदेश के केवल 15 जिलों में औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है. इनमें अनूपपुर, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, बड़वानी, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, राजगढ़ और गुना शामिल हैं



जबलपुर के समीप बरगी बांध जलाशय के नौ गेट खोले गए

> प्रदेश में अच्छी बारिश के बावजूद कई जिलों में मानसून का कोटा पूरा नहीं हुआ है. 40 जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है. पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में करीब 19 प्रतिशत तक बारिश की कमी बताई गई है. वहीं बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सतना, सिवनी और टीकमगढ़ में 4 से 58 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है. पश्चिमी मध्य प्रदेश के 21 जिलों में भी सामान्य से 1 से 49 प्रतिशत तक बारिश कम दर्ज की गई है.

# भोपाल ने की 712 .49 करोड़ की आय अर्जित

**भोपाल, 18 अगस्त . पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है. मंडल ने अप्रैल से जुलाई 2026 तक कुल 712.49 करोड़ की आय अर्जित की, जो निर्धारित लक्ष्य से 2.36 प्रतिशत अधिक है.**

वहीं जुलाई माह में मंडल की कुल आय ?183.16 करोड़ रही, जो लक्ष्य से 10.96 प्रतिशत अधिक है. डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में मंडल ने यात्री सुविधाओं में सुधार, माल परिवहन को बढ़ावा देने, टिकट जांच अभियान और वाणिज्यिक गतिविधियों के बेहतर संचालन के माध्यम से राजस्व में वृद्धि हासिल की है. जुलाई 2026 में यात्री आय 97.42 करोड़ रही, जो निर्धारित लक्ष्य से 2.98 प्रतिशत अधिक है. अप्रैल से जुलाई तक यात्री आय 365.18 करोड़ दर्ज की गई.

इस अवधि में भोपाल मंडल के स्टेशनों से करीब 145.50 लाख यात्रियों ने यात्रा की. माल यातायात क्षेत्र में मंडल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. जुलाई में माल आय 74.28 करोड़ रही, जो लक्ष्य से 41.40 प्रतिशत अधिक है. अप्रैल से जुलाई तक माल आय ?294.48 करोड़ दर्ज की गई.

# पत्नी की हत्या कर बच्चों को तालाब में फेंका

## बेटी की मौत, बेटा अस्पताल में लड़ रहा जीवन की जंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 18 अगस्त. कनाड़िया थाना क्षेत्र के झलारिया गांव में सोमवार रात पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया. 37 वर्षीय सुनील चौहान ने कथित तौर पर पहले अपनी 32 वर्षीय पत्नी अनीता बाई की हत्या की और इसके बाद दोनों बच्चों को हिंगोनिया गांव के पास तालाब में फेंक दिया.**



हादसे में 8 वर्षीय बेटा अजय किसी तरह पानी से बाहर निकल आया और उसने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. रातभर चले तलाशी अभियान में 10 वर्षीय बेटी माही का शव तालाब से बरामद किया गया. पुलिस के अनुसार सुनील ड्रायवरी का काम करता है और झलारिया में पत्नी व दोनों बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था. प्रारंभिक जांच में पत्नी के अन्य लोगों से बातचीत को लेकर दंपती के बीच विवाद की बात सामने आई है.

पूछताछ में सुनील ने पत्नी पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की. उसकी निशानदेही पर अनीता का शव बरामद हुआ. शरीर पर चाकू के निशान मिले हैं और प्रारंभिक जांच में गला घोंटने की आशंका भी सामने आई है. पत्नी की हत्या के बाद आरोपी दोनों बच्चों माही और अजय को लेकर तालाब पहुंचा और उन्हें पानी में फेंक दिया. अजय किसी तरह बाहर निकल आया. इसी दौरान वहां से गुजर रही कनाड़िया एफआरवी टीम को उसने घटना बताई.

# ग्वालियर-चंबल को मिली कनेक्टिविटी की नई सौगात

**ग्वालियर/मुरैना, 18 अगस्त. ग्वालियर-चंबल अंचल को रेल विकास की बड़ी सौगात मिली है. कैलारस-बीरपुर आमान परिवर्तित रेलखंड का मंगलवार को लोकार्पण किया गया. इसके साथ ही इस रेलखंड पर तीन नई गाड़ियों की विस्तारित सेवा का शुभारंभ भी किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर सेवा का शुभारंभ किया. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैलारस से बीरपुर तक मेमू सेवा का विस्तार क्षेत्र के विकास की नई संभावनाओं का द्वार खोलेगा. इससे बीरपुर, सबलगढ़ और आसपास के गांवों के लोगों को ग्वालियर सहित प्रमुख शहरों तक पहुंच आसान होगी.

उन्होंने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से विद्यार्थियों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार, किसानों को बाजार और व्यापारियों को नए अवसर मिलेंगे. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में रेल विकास के लिए बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है.

### उज्जैन में उमड़ा 12 लाख श्रद्धालुओं का सैलाब

**उज्जैन.** धार्मिक नगरी उज्जैन में नागपंचमी पर्व पर वर्ष में केवल एक बार 24 घंटे के लिए खुलने वाले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा. मंदिर के पट बंद होने तक देशभर से आए 12 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर चुके थे. विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर के शीर्ष पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट नागपंचमी पर 24 घंटे के लिए खोले गए थे. नागपंचमी और श्रावण सोमवार के संयोग के चलते उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. महाकालेश्वर मंदिर में लगभग चार लाख 80 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जबकि श्रावण सोमवार को निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

# मंत्री कंसाना ने दिए निराकरण के निर्देश

## पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं और सुझाव सुने

**भोपाल, 18 अगस्त . मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एदल सिंह कंसाना ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा.**



मंत्री कंसाना ने कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत मामलों को गंभीरता से सुना और कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए. वहीं, जिन मामलों में विस्तृत प्रक्रिया की आवश्यकता है, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया. मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं और आमजन की ओर से प्राप्त समस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है. कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामने आने वाली जनसमस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाकर उनका निराकरण करना सरकार और संगठन की प्राथमिकता है.




# नर्सिंग छात्रों ने किया रजिस्ट्रार का घेराव

### 11 वें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

**भोपाल, 18 अगस्त. एनएसओ छात्र संगठन का नर्सिंग छात्रों की समस्याओं को लेकर नर्सिंग काउंसिल भोपाल के बाहर धरना प्रदर्शन 11वें दिन भी जारी रहा. मंगलवार को छात्रों ने काउंसिल के रजिस्ट्रार का घेराव किया. संगठन ने स्पष्ट कहा कि अब आश्वासन नहीं, समस्याओं का समाधान चाहिए.**

संगठन के संस्थापक गोपाल पाराशर के अनुसार, रजिस्ट्रार ने एक महीने के भीतर छात्रों के लंबित रिजल्ट जारी करने, आगामी परीक्षाएं कराने और स्कॉलरशिप दिलाने का आश्वासन दिया है. संगठन ने मांग की कि सूटेबल, अनसूटेबल, डेफिसिट और 56 नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों के रिजल्ट घोषित कर परीक्षाएं कराई जाएं. छात्रों का आरोप है कि 2020-21, 2021-22 और 2022-23 सत्र के कई कॉलेजों में प्रवेश और मान्यता के बाद फर्जीवाड़े के मामले सामने आए, जिसके चलते सैकड़ों कॉलेज अपात्र घोषित हुए और छात्रों की डिग्रियां अधर में हैं. कई छात्रों की छह-सात साल बाद भी अंतिम वर्ष की परीक्षा नहीं हुई है. एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की करीब छह साल से स्कॉलरशिप लंबित होने का भी दावा किया गया.

### विधानसभा घेराव की चेतावनी

संगठन ने 2026-27 सत्र की मान्यता से पहले फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने, नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षक फर्जीवाड़ा रोकने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है. साथ ही नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों से हटाकर मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर से जोड़ने की मांग की गई. मांगें पूरी नहीं होने पर विधानसभा घेराव की चेतावनी दी गई.

# युद्ध में हमेशा पुरुष मरे, महिलाएं नहीं

## बलराम महोत्सव में विधायक पन्नालाल के बयान से बवाल

**गुना, 18 अगस्त. नानाखेड़ी मंडी प्रांगण में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव-2026' में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य के महिलाओं को लेकर दिए गए बयान पर बवाल खड़ा हो गया.**



विधायक पन्नालाल शाक्य ने पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए महिलाओं पर तीखी टिप्पणी की और पुरुषों के विनाश का कारण महिलाओं को बता डाला. विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा, 'रामायण काल में रावण को उसके भाई ने बहुत समझाया कि पराई स्त्री को लाना मौत का सामान है, उसे ससम्मान वापस भेज दो. लेकिन उस युद्ध में कोई महिला नहीं मरी, सिर्फ आदमी ही मारे गए. महाभारत में भी एक पांचाली के चक्कर में एक करोड़ आदमी मारे गए, लेकिन महिलाएं कोई नहीं मरीं.' यह समझ आना चाहिए कि युद्धों और विनाश में हमेशा पुरुष ही मारे गए हैं, महिलाएं एक भी नहीं मरीं.'

अपनी ही पार्टी की महिला विधायक द्वारा विरोध किए जाने पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने उन्हें टोकते हुए कहा, 'हमने बहुत सारी किताबें पढ़ी हैं, आप हाथ जोड़कर निवेदन है कि बीच में न बोलें, चुपचाप बैठ जाएं.' इसके बाद मंच पर ही दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई, जिसने महोत्सव के दौरान अच्छा-खासा राजनीतिक ड्रामा खड़ा कर दिया.

> सरेमंच विधायक की इस टिप्पणी पर मंच पर ही मौजूद चांचौड़ा से भाजपा की महिला विधायक प्रियंका मीना पेंची का गुस्सा फूट पड़ा. उन्होंने तुरंत खड़े होकर इस बयान को महिलाओं का सीधा अपमान बताते हुए कड़ा विरोध जताया और कहा, 'भाईसाहब, यह गलत बात है! महिलाओं ने भी बलिदान दिया है.'

# सरकारी स्कूलों का विलय तत्काल रोका जाए : अजय

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों के विलय की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि दूर-दराज के क्षेत्रों में निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर कई स्कूलों का विलय किया जा रहा है.**



उन्होंने नियम विरुद्ध जारी किए गए सभी विलय आदेश निरस्त करने तथा जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत और रिक्त शिक्षकीय पदों को भरने के लिए प्राथमिकता के आधार पर बजट उपलब्ध कराने की मांग की. अजय सिंह ने 'वन कैम्पस, वन स्कूल' और सांदीपनि स्कूल नीति पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि स्कूलों के विलय के बहाने सरकारी विद्यालयों को धीरे-धीरे बंद करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है. उन्होंने कहा कि इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब विद्यार्थियों पर पड़ रहा है और छात्राओं को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देशों में विलय के लिए दो किलोमीटर की परिधि निर्धारित है, लेकिन पांच से 10 किलोमीटर दूर स्थित स्कूलों का भी विलय किया जा रहा है.

### रामपुर नैकिन से चुरहट तक के रेलवे ट्रैक पर ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल

**सीधी.** ललितपुर-सिंगरौली नवीन रेलवे लाइन के द्वितीय खण्ड रीवा-सिंगरौली का कार्य द्रुत गति से चल रहा है. सीधी जिले में रामपुर नैकिन से चुरहट रेलवे स्टेशन तक रेलवे ट्रैक का दो दिवसीय निरीक्षण पश्चिम मध्य रेलवे के रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा आज से किया जा रहा है. आज मंगलवार को इस नये ट्रैक पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन का हाई-स्पीड ट्रायल सफलता पूर्वक किया गया. निर्माण विभाग जबलपुर द्वारा ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के रामपुर नैकिन से चुरहट रेलवे स्टेशन तक करीब 21 किलोमीटर के सेक्शन का सीआरएस इंस्पेक्शन 18 एवं 19 अगस्त के लिये निर्धारित किया गया.

खुलासा | वर्ष 2020 में पिपलानी थाने में दर्ज हुई थी ठगी की पहली एफआईआर

# सटोरिये से सागा ग्रुप के मुखिया तक पहुंचा समीर

**भोपाल. सागा ग्रुप से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े की जांच में मुख्य आरोपी समीर अग्रवाल ठगी का कारोबार खड़ा करने से पहले मुंबई में मटका सट्टे से जुड़ा था. मूलतः मुरैना निवासी समीर वर्ष 2008 के आसपास सट्टे से जुड़ने के बाद उसने 2009 में चिटफंड जैसी निवेश योजनाओं के जरिए अपना नेटवर्क बढ़ाना शुरू किया.**



इसके बाद कर्मचारियों और परिचितों के नाम पर कंपनियों व सोसायटियों का पंजीयन कराकर निवेश का जाल फैलाया. वर्ष 2020 में भोपाल के पिपलानी थाने में पहली एफआईआर दर्ज होने के बाद कार्रवाई का सिलसिला शुरू हुआ. इसके बाद भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 16 जिलों में ठगी से जुड़े मामले सामने आए. जांच में मध्यप्रदेश में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक और देशभर में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी से जुड़े आरोपों की अलग-अलग एजेंसियां जांच कर रही हैं. समूह से जुड़े पदाधिकारियों पर भोपाल, इंदौर, ललितपुर, टीकमगढ़ और झांसी में जमीन-प्लॉट समेत संपत्तियां जुटाने के आरोप हैं. समीर ने ठगी के पैसों से भोपाल में भी प्रॉपर्टी खड़ी की है. वह एकदौर का चर्चित बिल्डर था.

निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए सागा ग्रुप ने बड़े शहरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करता था. भोपाल, इंदौर, मुंबई, हैदराबाद, गोवा, लखनऊ, झांसी में हुए कार्यक्रमों में अभिनेता श्रेयस तलपड़े और गायक सुखविंदर सिंह जैसी चर्चित हस्तियों को बुलाया गया था. घोटाला उजागर होने के बाद तलपड़े भी एजेंसियों की जांच के घेरे में आए.

### साइबर ठगी के नेटवर्क का पर्दाफाश



**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने सीहोर और कटनी में अंतरराज्यीय साइबर ठगी के दो नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों मामलों में फर्जी ट्रेडिंग ऐप और चोरी किए गए मोबाइल फोन के जरिए लोगों के बैंक खातों को निशाना बनाया जा रहा था. सीहोर में कोतवाली पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर संचालित करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. आरोपी 'एफएक्स ट्रेड' ऐप के जरिए शेयर बाजार में निवेश पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर लोगों से रकम निवेश करा रहे थे. पुलिस के अनुसार, शीतल विहार कॉलोनी से करीब छह महीने से संचालित इस नेटवर्क के जरिए 20 लाख रुपये से अधिक का फर्जी निवेश कराया गया. मौके से कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, पासबुक, सिम कार्ड सहित अन्य सामग्री जब्त की गई.

# व्हाट्स अप पर होगी खाद की बुकिंग

## राज्य सरकार ने शुरू की सुविधा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक बुकिंग के लिए व्हाट्स ऐप चैटबॉट सुविधा प्रारंभ की गई है. इस सुविधा के माध्यम से किसान सरल एवं सुविधाजनक तरीके से अपने मोबाइल से उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे.**

किसान आधिकारिक व्हाट्स अप बिजनेस नंबर पर हेल्प या फर्टिलाइजर लिखकर सेवा प्रारंभ कर सकते हैं. तय प्रक्रिया के हिसाब से किसान व्हाट्सअप पर हेल्प या फर्टिलाइजर लिखकर चैट शुरू करेगा. उसके बाद किसान अपना पंजीकृत आधार नंबर दर्ज करेगा. आधार का सत्यापन होने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा. ओटीपी दर्ज करने पर किसान का प्रोफाइल विवरण प्रदर्शित होगा. किसान अपनी भूमि का विवरण देखकर संबंधित जिले का चयन करेगा. पात्र भूमि/खसरा के विरुद्ध फसल का चयन कर विवरण सुरक्षित करेगा. उसके बाद किसान उर्वरक का प्रकार, उर्वरक एवं आवश्यक मात्रा का चयन करेगा. अगले क्रम में किसान ब्लॉक, रिटेलर, कंपनी एवं पात्र उठाव तिथि का चयन करेगा. सिस्टम उपलब्धता का सत्यापन कर क्यूआर कोड युक्त उर्वरक टोकन जारी करेगा. किसान को व्हाट्सअप पर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव तिथि एवं टोकन की वैधता की जानकारी प्राप्त होगी.

> यह सुविधा उर्वरक बुकिंग प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं किसान-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे किसानों को उर्वरक बुकिंग के लिए कार्यालय अथवा अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी. उन्हें डिजिटल माध्यम से सुविधाजनक सेवा प्राप्त होगी. यह पहल मप्र में तकनीक आधारित एवं किसान हितैषी डिजिटल सेवाओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.